फैक्स/समयबद्ध

संख्याः– 152 /1–11–2016–4(जी)/2016

प्रेषक,

अनिल कुमार,
सचिव एवं राहत आयुक्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
संत रविदास नगर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, मीरजापुर, बलिया, सिद्धार्थनगर, शाहजहॉपुर, बांदा, प्रतापगढ़, चन्दौली, इटावा, बस्ती, बागपत, जौनपुर, फैजाबाद, गोण्डा, कन्नौज, बाराबंकी, संत कबीरनगर, झांसी, जालौन, गोरखपुर, हाथरस, एटा, इलाहाबाद, गाजियाबाद, फर्रूखाबाद, मऊ, उन्नाव, रामपुर, हमीरपुर, ललितपुर, चित्रकूट, कानपुर नगर, लखनऊ, देवरिया, मैनपुरी, महराजगंज, आगरा, औरैया, पीलीभीत, अमेठी, महोबा, रायबरेली, कुशीनगर, कानपुर देहात, कौशाम्बी, फतेहपुर अम्बेडकरनगर एवं बलरामपुर।

राजस्व अनुभाग–11 लखनऊ : दिनॉक ::15 अप्रैल, 2016

विषयः–सूखें से संबंधित सूचना प्रेषित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त के संबंध में यह अवगत कराना है कि वर्ष 2015 में सामान्य से कम वर्षा हुई थी। सामान्य के सापेक्ष 60 प्रतिशत से कम वर्षा तथा 33 प्रतिशत से अधिक क्षति के कारण जनपद बलरामपुर को सम्मिलित करते हुये शासनादेश दिनांक 19.11.2015 द्वारा 50 जनपदों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया था। सूखाग्रस्त 50 जनपदों में से 21 जनपदों द्वारा खरीफ फसल की 33 प्रतिशत या उससे अधिक कृषि क्षति का विवरण प्रेषित किया गया था जिसके आधार पर सूखा मेमोरेण्डम–2015 तैयार कर भारत सरकार को प्रेषित किया गया था।

2– यह उल्लेख करना है कि प्रदेश में अवर्षण के कारण मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सूखे के संबंध में समीक्षा के साथ ही 15–15 दिन की अवधि पर मण्डलायुक्त/जिलाधिकारीगण के साथ वीडियों कान्फ्रेन्सिग भी की जायेगी।

3– अतः इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सूखें के संबंध में संलग्न प्रारूप पर सूचना प्रत्येक सप्ताह के सोमवार को अपरान्ह 01:00 बजे तक राहत आयुक्त कार्यालय के फैक्स सं0–0522–2238084, 2236305 एवं ईमेल–rahat@nic.in पर प्रेषित करने का कष्ट करें।

संलग्नकः–यथोपरि

भवदीय,

(अनिल कुमार)
सचिव एवं राहत आयुक्त

सूखा मॉनिटरिंग हेतु साप्ताहिक रिपोर्ट

(प्रत्येक सोमवार अपरान्ह 1.00 बजे तक राज्य कन्ट्रोल रूम को email- rahat @nic.in या फैक्स नं0 0522–2236305 / 2238084 पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।)

नोट– रिपोर्ट के प्रेषण के समय संग्रहित सूचना की समीक्षा जिला स्तरीय सम्बन्धित विभाग की सूचनाओं से मिलान करके इंद्राज किया जाय।

जनपद का नाम : ..... रिपोर्ट की तिथि : .....

1. विद्युत आपूर्ति (घण्टों में) –

(क) जिला मुख्यालय –
(ख) ग्रामीण क्षेत्र –
(ग) कुल ट्रान्सफार्मर की संख्या –
(घ) खराब ट्रान्सफार्मर की संख्या –
(च) ऊर्जीकरण हेतु अवशेष नलकूपों की स्थिति –

2. डीजल की उपलब्धता की स्थिति –

3. नहरों की स्थिति (सिंचाई विभाग से संयुक्त समीक्षा उपरान्त वास्तवकि स्थिति) –

(क) कुल टेलों की संख्या –
(ख) जिन टेलों पर पानी नही पहुँचा उनकी संख्या –
(ग) जनपद में स्थापित पम्प कैनाल की संख्या–
(घ) जनपद में स्थापित पम्प कैनाल की संख्या जो संचालित नहीं हैं–
(च) ऐसे पम्प कैनाल की संख्या जो संचालित तो हैं पर पूर्ण क्षमता से संचालित नहीं हैं–

4. हैण्ड पम्पों / सरकारी नलकूपों की स्थिति –

क्र. सं.	मद	जनपद में कुल संख्या	स्थायी रूप से खराब की संख्या	मरम्मत योग्य		अभ्युक्ति
				15 दिन से कम खराब की संख्या	15 दिन से अधिक खराब की संख्या	
1	हैण्डपम्प (ग्रामीण क्षेत्र)					
	हैण्डपम्प (शहरी क्षेत्र / स्थानीय निकाय)					
2	सरकारी नलकूप (पेयजल) (ग्रामीण क्षेत्र)					
	सरकारी नलकूप (पेयजल) (शहरी क्षेत्र / स्थानीय निकाय)					
3	सरकारी नलकूप (सिंचाई)					

7. हैण्डपम्प–

मद	ग्रामीण क्षेत्र	शहरी क्षेत्र / स्थानीय निकाय	अभ्युक्ति
जनपद में रिबोर कराये जाने वाले हैण्डपम्प की संख्या			

उक्त के लिये आवश्यक धनराशि (लाख रु0 में)			
जनपद स्तर पर उपलब्ध धनराशि (लाख रु0 में)			
अब तक रिबोर कराये गये हैण्डपम्प की संख्या			
रिबोर कराने हेतु अवशेष हैण्डपम्प की संख्या			

पेयजल–

(क) पेयजल समस्या से ग्रस्त आबादियों की संख्या (प्रभावित ग्रामों, नगरीय इलाकों को सम्मिलित करें)–

(ख) कुल आबादियों की संख्या जहां टैंकर्स लगाये गये हैं–

(ग) लगाये गये कुल टैंकर्स की संख्या–

(घ) पेयजल उपलब्धता के संबंध में जिले स्तर पर की गयी अन्य कार्यवाही–

9. तालाबों/जलाशय में पानी की स्थिति (पंचायती राज विभाग/सिंचाई विभाग)–

(क) जनपद में तालाब/जलाशय की संख्या –

(ख) जनपद में जल से भरे/भराये गये तालाब/जलाशय की संख्या–

(ग) जनपद में सूखे तालाब/जलाशय की संख्या–

(घ) ऐसे ग्रामों की संख्या जहॉ तालाब/जलाशय नहीं हैं अथवा भरे हुये नहीं हैं–

10. कूपों की स्थिति –

(अ) जनपद में कुल कूपों की संख्या–

(ब) पेयजल/सिंचाई हेतु प्रयोज्य कूपों की संख्या –

(स) निष्प्रयोज्य कूपों की संख्या–

11. पशुओं हेतु चारा व पानी की स्थिति –

(क) संचालित पशु राहत कैम्पों की कुल संख्या–

(ख) राहत कैम्पों में लाभन्वित पशुओं की कुल संख्या–

(ग) जनपद में चारे की स्थिति –

(घ) पशुओं हेतु पीने के पानी से समस्याग्रस्त ग्रामों की संख्या व उसके सापेक्ष कृत कार्यवाही का विवरण–

1. रोजगार कार्यों का विवरण –

क्र. सं.	विवरण	रोजगार कार्यों की संख्या	कुल सृजित मानव दिवस की संख्या
(क)	मनरेगा योजना		
(ख)	रोजगार सृजन की अन्य योजनाएं		

2. जनपद में खरीफ फसल की बोवाई की स्थिति –

क्र. सं.	विवरण	धान	उरद	अरहर	बाजरा	मूंग	तिल	अन्य
1	लक्ष्य (लाख हे0)							
2	बोया गया क्षेत्रफल (लाख हे0)							
3	अवर्षण के कारण 33 प्रतिशत से अधिक							

	प्रभावित फसल (लाख हे0)							

3. **जनपद में सूखे से सम्बन्धित किसी विभाग हेतु कोई अपेक्षा हो तो उससे सम्बन्धित तथ्यात्मक टिप्पणी –**

नोडल अधिकारी का
नाम पदनाम व
हस्ताक्षर